दिनांक–30.04.2026 को सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग की अध्यक्षता में भभुआ प्रमंडल अंतर्गत बहुग्रामीण जलापूर्ति योजना (MVS), अधौरा के कार्यों के प्रगति के संबंध में संबंधित पदाधिकारियों के साथ हुई समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही:–

- क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पटना प्रक्षेत्र, पटना / अधीक्षण अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण अंचल, सासाराम / कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, भभुआ एवं संबंधित संवेदक / एंजेसी द्वारा अधौरा बहुग्रामीण जलापूर्ति योजना के कार्य प्रगति से सचिव को अवगत कराया गया।

- क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पटना प्रक्षेत्र, पटना द्वारा बताया गया कि मृदा परीक्षण का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न की गई है। भूजल की अल्प उपलब्धता के आलोक में परियोजना का सतही जल स्त्रोत आधारित विचलन तैयार किया जा रहा है। इस संबंध में WRD से अनापत्ति प्रमाण–पत्र (NOC) प्राप्त करने हेतु पत्र दिया गया है।

- समीक्षा के क्रम में कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, भभुआ द्वारा बताया गया कि एंजेसी / संवेदक द्वारा निर्माण कार्य (DB) मद का Revised Deviation का प्रस्ताव दिया गया है। साथ ही कतिपय पंचायतों तथा अन्य मदों को शामिल करने के बाद प्रशासनिक स्वीकृति के सापेक्ष 17.9 प्रतिशत बताया गया है। मुख्य अभियंता, पटना प्रक्षेत्र, पटना द्वारा बताया गया कि पाईप की गुणवत्ता और तकनीकी सुधारों के माध्यम से लागत को न्युनतम किया जाएगा।

- सचिव महोदय द्वारा क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पटना प्रक्षेत्र, पटना को निदेश दिया गया कि प्रारंभिक DPR में भूजल निष्कर्षण की गलत जानकारी देने और बिना परीक्षण के रिपोर्ट तैयार करने के कारण संबंधित DPR सलाहकार को Debar/Blacklist करना सुनिश्चित करेंगे।

  अनुपालनः–क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पटना।

- संबंधित संवेदक / एजेंसी द्वारा यह आश्वासन दिया गया कि वे चार दिनों में अधौरा बहुग्रामीण जलापूर्ति योजना (MVS) की तकनीकी जांच कर रिपोर्ट समर्पित करेंगे।

  अनुपालनः– संबंधित कार्यपालक अभियंता / संबंधित संवेदक / एजेंसी।

बैठक में प्राप्त सभी निदेशों का अनुपालन ससमय करने हेतु उपस्थित क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पटना अधीक्षण अभियंता, सासाराम, कार्यपालक अभियंता, भभुआ तथा संवेदक को निदेश दिया गया।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही संपन्न की गई।

(पंकज कुमार पाल)
सचिव

ज्ञापांकः— 14/वि01—1099/24—397 दिनांक— 18/5/26

प्रतिलिपिः—क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पटना प्रक्षेत्र, पटना/अधीक्षण अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण अंचल, सासाराम/कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, भभुआ/संबंधित संवेदक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख—सह—विशेष सचिव
(मुख्यालय)

ज्ञापांकः— 14/वि01—1099/24—397 दिनांक— 18/5/26

प्रतिलिपिः— अभियंता प्रमुख—सह—विशेष सचिव (मु0/का0प्र0)/अपर सचिव/सभी मुख्य अभियंता (उत्तर बिहार/दक्षिण बिहार/यांत्रिक/अनुश्रवण)/अभियंता प्रमुख—सह—विशेष सचिव के प्रावैधिक सचिव/विशेष कार्य पदाधिकारी/सभी संबंधित नोडल पदाधिकारी/बजट पदाधिकारी/आइटी मैनेजर/संबंधित सहायक अभियंता/सभी प्रशाखा पदाधिकारी, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख—सह—विशेष सचिव
(मुख्यालय)

ज्ञापांकः— 14/वि01—1099/24—397 दिनांक— 18/5/26

प्रतिलिपिः— सचिव के प्रधान आप्त सचिव /विशेष सचिव के वरीय प्रधान आप्त सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख—सह—विशेष सचिव
(मुख्यालय)